# कार्यालय आयुक्त
# आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
# ब्लॉक डी इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छत्तीसगढ़)

क्रमांक / प्रयास / 160 / 2024–25 / 12431          नवा रायपुर, दिनांक 03/02/2025

## संक्षिप्त विज्ञप्ति

**विषय :–** **मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं (सत्र 2025–26) में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन की तिथि में वृद्धि की सूचना का प्रकाशन।**

––000––

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित / प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत् प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ–साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सघन तैयारी करायी जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं।

**वर्ष 2025–26 में इन विद्यालयों के कक्षा 9वीं में** प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र मंगाये जाने के संबंध में निम्नानुसार तिथि में वृद्धि की जाती है :–

| क्र | विवरण | तिथि में वृद्धि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन पत्र भरना प्रारंभ करने की तिथि | **05 / 02 / 2025** |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि | **14 / 02 / 2025 (रात्रि 12:00 बजे तक)** |
| 3 | ऑनलाईन भरे गये आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार | **17 / 02 / 2025 से 21 / 02 / 2025 तक (रात्रि 12:00 बजे तक)** |
| 4 | जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण | **पृथक से दी जायेगी** |
| 5 | प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि | **पृथक से दी जायेगी** |
| 6 | प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की तिथि | **पृथक से दी जायेगी** |
| 7 | ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने हेतु लिंक | https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-Admission-Detail |

टीप :–

1. ऑनलाईन आवेदन भरने एवं प्रवेश हेतु किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु विद्यार्थी स्थायी निवासी जिले के कार्यालय, सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास से सम्पर्क कर सकते है।
2. विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन पंजीयन के दौरान भरे गये स्थाई निवास जिले के **कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास** द्वारा आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार का कार्य निर्धारित तिथि तक किया जावेगा।

**अपर संचालक**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास,
अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ

D/Nishad/Pravesh Niti 2025-26 2